दिन— शुक्रवार दिनांक— 13 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिला। दोनों उपकरणों के मिलने के बाद दुर्घटना के कारणों का चल सकेगा पता।

02. जान गंवाने वालों में पटना की मनीषा थापा भी। दुर्घटनाग्रस्त विमान की एयर होस्टेस थीं मनीषा।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विमान दुर्घटना में जीवित बचे एकमात्र यात्री और घायलों से मुलाकात की। श्री मोदी ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

04. और, मौसम विभाग ने कहा — अगले पांच दिनों के दौरान बिहार के कुछ भागों में दक्षिणी—पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं।

---

अहमदाबाद में कल दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का ब्लैक बॉक्स और डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिल गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि ब्लैक बॉक्स हादसे में क्षतिग्रस्त हुए छात्रावास की छत पर मिला है। वहीं, विमान का डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर दुर्घटना स्थल से बरामद किया गया। इन दोनों उपकरणों के मिलने से दुर्घटना के कारणों का पता चल सकेगा। उपकरणों में वायुयान में उड़ान के दौरान विभिन्न सूचनाएं एकत्र होती हैं। ब्लैक बॉक्स के जरिए यह पता चल सकेगा कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।?

---

नागर विमानन महानिदेशालय ने एयर इंडिया के बोइंग 787—8 और 787—9 ड्रीमलाइनर विमानों पर सुरक्षा निरीक्षण और निगरानी बढ़ाने का आदेश जारी किया है। यह फैसला अहमदाबाद में एयर इंडिया के एक ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटना की पृष्ठभूमि में लिया गया है। साथ ही निदेशालय ने कहा है कि ड्रीमलाइनर समेत बोइंग की सभी विमानों की गहन जांच पड़ताल की जाएगी। उड़ान से पहले सभी विमानों को मानक जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। निदेशालय ने विमानों की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरतने का विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है।

---

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में पटना की मनीषा थापा की मौत हो गई। वे एयर इंडिया में एयर होस्टेस थीं। मूल रूप से नेपाल के विराट नगर की रहने वाली मनीषा थापा का जन्म पटना में हुआ था और उनका पूरा परिवार पटना में ही रहता है। उनके पिता बिहार पुलिस में हैं। मनीषा का परिवार अहमदाबाद के लिए रवाना हो गया है।

---

अहमदाबाद हवाई दुर्घटना के बाद राज्य सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि लोग इस हेल्पलाइन नम्बर पर राज्य के किसी व्यक्ति की इस दुर्घटना से प्रभावित होने की जानकारी साझा कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर है – **शून्य छह एक दो –दो दो नौ चार दो शून्य चार** और **शून्य छह एक दो –दो दो नौ चार दो शून्य पांच**। इसके अलावा विभाग के टोल फ्री नम्बर– एक शून्य सात शून्य पर भी सूचना दी जा सकती है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर भेंट की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। श्री रमेश ने अपने दर्दनाक अनुभव प्रसार भारती संवाददाता के साथ साझा किए।

———बाइट———

---

इस बीच, सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि अस्पताल में बत्तीस लोगों का इलाज चल रहा है। कुछ डॉक्टर गंभीर रूप से झुलसे हैं,

उन्हें छोड़कर बाकी सभी की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि घायलों के स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार के लिए अस्पताल में सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं।

———बाइट———

पूरे आरोग्य विभाग ने और सिविल अस्पताल ने सारे डॉक्टर ने मिलकर वह एमरजैंसी सिचुएशन को हैंडल किया करीबन साथ लोग आए थे उसे टाइम पर जिसमें से काफी लोग ओपीडी बेस पर जिनको थोड़ी बहुत इंजरी थी उनको डिस्चार्ज कर दिया गया अभी फिलहाल अगर आज हम देखेंगे तो हमारे पास 32 पेशेंट यहां पर एडमिटेड हॉस्पिटल के अंदर हमारे पास उसमें मेडिकल स्टूडेंट भी है। आसपास के लोग वाले भी है और अगर उसमें देखा जाए तो लोग जो हेल्प करने आए थे, वह भी है जो प्लेन में नहीं सवार थे ऐसे लोगों को जो इंजरी हुई और सिविल हॉस्पिटल सबसे नजदीक और यह सरकार की सबसे बड़ी व्यवस्था है जिसमें लोगों को इमीडिएटली सारवार दी गई।

———————————————————————

इधर, दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं।

———————————————————————

किस्मत कब कैसा मोड़ लेगी कोई नहीं जानता। एक छोटा सा संयोग भी जीवन और मृत्यु का फैसला कर देता है। कल हुए एयर इंडिया विमान हादसे में यही देखने को मिला।

———रिपोर्ट———

गुजरात के भरूच की रहने वाली भूमि चौहान उन चंद लोगों में से एक हैं जो किस्मत से इस हादसे से बच गईं। उन्हें कल उसी एयर इंडिया की फ्लाइट से लंदन जाना था जो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। भूमि ने बताया कि अहमदाबाद में ट्रैफिक बहुत ज्यादा होने की वजह से वह फ्लाइट की चेक–इन गेट पर दस मिनट देरी से पहुंचीं थी जिसके कारण उन्हें विमान में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। देरी से पहुंचना उनके लिए वरदान साबित हुआ।

एयरपोर्ट से तो घर के लिए निकल चुके थे और हम लोग गाड़ी में ही थे तभी हमने न्यूज़ देखा कि ऐसा प्लेन क्रैश हुआ है एट द टाइम आई वास फीलिंग टोटली नम एंड मैं अपने भगवान का थोड़ा माताजी का शुक्रिया कर रही थी कि मैं बच गई लेकिन दूसरी साइड यह भी था कि यह जो एंसीडेंट हुआ है वह बहुत ही थोड़ा टेरिफाइड है।

हालांकि, अन्य लोग भूमि जितने भाग्यशाली नहीं थे। एयर इंडिया की इसी उडान से एक डॉक्टर दंपत्ति लंदन जा रहा था। उनके सपने दुर्घटना की त्रासदी में खत्म हो गए। इसी तरह 35 वर्षीय एक महिला अपनी बेटी को वडोदरा में अपने माता–पिता के पास छोड़कर लंदन जा रही थीं लेकिन वह अपने घर नहीं लौट पाईं। लंदन में छुट्टियों बिताने को लेकर उत्साहित दो बहनें भी इसी उड़ान में थीं। विमान में सवार होते समय वे सभी यात्री इस बात से अनजान थे कि इस उड़ान की लैंडिंग नहीं होने वाली। स्वाति की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान बिहार के कुछ भागों में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं। विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान मॉनसून विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ भागों और उसके तीन दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में दस्तक दे सकता है। इधर, आज भी प्रदेश में उमस भरी गर्मी से आम

जनजीवन प्रभावित है। राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अधिकांश जगहों पर आज भी गर्म दिवस की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बयालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल अररिया, किशगनगंज और कटिहार को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में गर्म और आर्द्र दिवस की स्थिति बनी रहेगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम दो सौ इकहत्तर करोड़ पंद्रह लाख रूपये अंतरित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी भी उपस्थित थे।

---

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत समस्तीपुर के पूसा स्थित डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की ओर से राज्य के तेरह जिलों में कार्यक्रम आयोजित कर दो लाख किसानों के साथ संवाद किया गया। कुलपति डॉक्टर पी.एस. पांडेय ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

---

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। सभी मृतक बेगूसराय जिले के रहने वाले थे।

---

वैशाली जिले के हाजीपुर सदर थाना के दिग्घिकला गाँव में पुलिस और एक अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली अपराधी राजीव माली के पैर में लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

---

समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर रोड स्थित एक आभूषण शो रूम से पिछले दिनों हुई लूट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पंद्रह लाख रूपये मूल्य के जेवरात भी बरामद किये गए हैं।

---

मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

किशनगंज के फार्मिंग गोला चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग कीटीम ने एक तस्कर को पांच किलो से अधिक चांदी के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चांदी का बाजार मूल्य लगभग पांच लाख रूपये बताया जाता है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिला। दोनों उपकरणों के मिलने के बाद दुर्घटना के कारणों का चल सकेगा पता।

02. जान गंवाने वालों में पटना की मनीषा थापा भी। दुर्घटनाग्रस्त विमान की एयर होस्टेस थीं मनीषा।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विमान दुर्घटना में जीवित बचे एकमात्र यात्री और घायलों से मुलाकात की। श्री मोदी ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – अगले पांच दिनों के दौरान बिहार के कुछ भागों में दक्षिणी–पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।